# डायट बड़कोट में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन




अमर हिन्दुस्तान

**बड़कोट।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बड़कोट, उत्तरकाशी में 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत एक भव्य तिरंगा रैली एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य संजीव जोशी ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संजीव जोशी ने कहा कि ?राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारी राष्ट्रीय एकता, अखंडता, आन-बान और शान का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान देश के प्रत्येक नागरिक के भीतर राष्ट्रप्रेम, सांस्कृतिक गौरव और नागरिकों के कर्तव्यों का बोध कराने का एक सशक्त माध्यम है। हमें इस पर्व को केवल एक औपचारिकता न मानकर हर घर में देशप्रेम की अलख जगाने के रूप में मनाना चाहिए।तिरंगा रैली डायट परिसर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए निकाली। रैली में शामिल संकाय सदस्यों, डी.एल.एड प्रशिक्षुओं ने हाथों में तिरंगा थामकर ?भारत माता की जय?, ?वंदे मातरम? और ?हर घर तिरंगा? के गगनभेदी नारे लगाए,जिससे नगर का माहौल राष्ट्रभक्ति के रंगों में सराबोर नजर आया। रैली के दौरान आम जनमानस को भी अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों में सम्मानपूर्वक राष्ट्रध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर संस्थान के संकाय सदस्य हेमू बिष्ट, डॉ सुबोध बिष्ट, शांति रतूड़ी, गोपाल सिंह राणा, मो. अरशद अंसारी, अरविन्द चौहान, संगीता कोठारी , टीकाराम सिंह रावत, सुशील जोशी, बबीता सजवाण, रिचा उनियाल, नारायण श्रीवास्तव, अनुज आदि उपस्थित रहे।


जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट ,उत्तरकाशी
उत्तराखंड शासन


जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
बड़कोट ,उत्तरकाशी
उत्तराखंड शासन